DATE :- 25-12-2025

DAINIK BHASKAR, PAGE - 02, SURAT

सिटी एंकर

नई डेडिकेटेड बिल्डिंग और बैटरी टेस्टिंग के साथ ट्रैफिक एआई लैब बनाएंगे

# वीएनएसजीयू में मेट्रो-बुलेट ट्रेन व ईवी पर रिसर्च होगी, 25 करोड़ से सूरत में देश का पहला स्मार्ट मोबिलिटी एंड ट्रांसपोर्ट सेंटर बनेगा

मिलन मांजरावाला | सूरत

सूरत अब देश का हाईटेक ट्रांसपोर्ट हब बनने जा रहा है। वीर नर्मद दक्षिण गुजरात यूनिवर्सिटी ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 25 करोड़ रुपये की लागत से देश का पहला 'स्मार्ट मोबिलिटी एंड ट्रांसपोर्ट सेंटर' स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य और केंद्र सरकार को भेजा है। इस परियोजना के माध्यम से यूनिवर्सिटी परिसर अब हाईटेक ट्रांसपोर्ट रिसर्च के क्षेत्र में परिवर्तन लाएगा। यह सेंटर एग्जीक्यूटिव एजुकेशन, स्टार्टअप इनक्यूबेशन, इंडस्ट्री से जुड़ाव और नीति विषयक सलाहकार कार्यों से सुसज्जित होगा।

**प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा** | केंद्र 'सिम्युलेशन आधारित' प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा। मेट्रो और बुलेट ट्रेन का ऑपरेशंस सीखने के लिए रियल-टाइम सिम्युलेटर होंगे, वहीं दूसरी ओर ईवी बैटरी टेस्टिंग और ट्रैफिक एआई जैसी एडवांस लैब भी होंगी। पोर्ट प्रबंधन व जल परिवहन के विशेषज्ञों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

**केंद्र पांच साल में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य**

यह केंद्र पांच साल में आत्मनिर्भर बनने और उद्योगों को काम के लिए तैयार जनशक्ति प्रदान करने के लक्ष्य के साथ चालू होगा। इस प्रकार, सूरत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

## स्मार्ट मोबिलिटी एंड ट्रांसपोर्ट सेंटर में ये सुविधाएं होंगी

- **मेट्रो-बुलेट ट्रेन सिम्युलेशन लैबः** मेट्रो और बुलेट ट्रेन के संचालन और सिग्नलिंग में वास्तविक प्रशिक्षण के लिए हाई-टेक सिम्युलेटर।
- **ईवी और बैटरी रिसर्च लैबः** इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी का परीक्षण, थर्मल सेफ्टी (आग से सुरक्षा) और बैटरी रिसाइक्लिंग अनुसंधान।
- **चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर टेस्ट यार्डः** विभिन्न प्रकार के ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना और रखरखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण।
- **स्मार्ट ट्रैफिक और एआई लैबः** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नलिंग और ट्रैफिक एनालिटिक्स सिस्टम।
- **मरीन और पोर्ट हबः** समुद्री परिवहन और पोर्ट ऑपरेशन्स के प्रबंधन के लिए नेविगेशन नियंत्रण कक्ष की जैसी सुविधा।
- **स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटरः** मोबिलिटी-टेक और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नए स्टार्टअप के लिए प्रोटोटाइप और टेस्टिंग सपोर्ट।